# उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
# कार्यालय आयुक्त, उद्योग विभाग, उद्योग भवन,
# तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर–5

एफ 1(228) यूपीएस / इण्ड / कम्प्यूटर ऑपरेटर / 2017 दिनांक : 19.12.2017

**निविदा सूचना सं. 03 / 2017–18**

उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर के कम्प्यूटर कार्य हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर एक कम्प्यूटर मय ऑपरेटर की आवश्यकता है, जो कम्प्यूटर में हिन्दी व अंग्रेजी टंकण कार्य के साथ टेली का कार्य करने में निपुण हो। इस कार्य के लिए नीचे अंकित अनुसार पंजीकृत प्लेसमेन्ट एजेंसी से निर्धारित निविदा प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित लागत | 1.50 लाख रूपये |
| निविदा मिलने की तारीख | 20.12.2017 से 29.12.2017 मध्यान्ह 12:00 बजे तक |
| निविदा शुल्क | 100 / – |
| निविदा अमानत राशि | 3,000 / – |
| निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम तारीख | 29.12.2017 (सायं 3 बजे तक) |
| निविदा खोलने की दिनांक | 29.12.2017 (सायं 4 बजे) |

1. निविदा प्रपत्र संस्थान कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कमरा नम्बर 17 से प्रातः 9.30 बजे से सांयकाल 6.00 बजे तक निविदा शुल्क जमा कराने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि को यदि राजकीय अवकाश हो तो आगामी कार्य दिवस को निविदा प्राप्त की जा कर खोली जावेगी।
3. उक्त निविदा प्रपत्र पोर्टल "http://sppp.raj.nic.in" एवं विभाग की वेबसाईट http://industries.rajasthan.gov.in/content/industries/doi.html पर भी उपलब्ध है। निविदा दाता उन्हें प्रयोग कर सकते है किन्तु निविदा शुल्क का ड्राफ्ट निविदा के साथ अलग से संलग्न करे अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।

प्रबन्ध निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
जयपुर

निविदा प्रपत्र क्रमांक : ................................
**निविदा शुल्क : 100/—**

उद्यम प्रोत्साहन संस्थान,
उद्योग विभाग, उद्योग भवन, तिलक मार्ग,
राजस्थान, जयपुर—302005

## — कम्प्यूटर मय ऑपरेटर के लिए टेण्डर फार्म —

| | |
|---|---|
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि/समय | 29.12.2017 3.00 पी.एम |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 29.12.2017 4.00 पी.एम |

कम्प्यूटर मय ऑपरेटर निविदा दिनांक 20.12.2017 को प्रकाशित निविदा संख्या एफ 1(228) यूपीएस/इण्ड/कम्प्यूटर/2017 निविदा आवेदन पत्र

प्रबन्ध निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
जयपुर ।

संदर्भ : एफ 1(228) यूपीएस/इण्ड/कम्प्यूटर ऑपरेटर/2017 दिनांक 20.12.2017

महोदय,

1. आप द्वारा प्रकाशित एफ 1(228) यूपीएस/इण्ड/कम्प्यूटर ऑपरेटर/2017 में दी गई सभी शर्तों की शर्तों की पालना के लिए मैं पूर्ण रूप से सहमत हूं। निविदा की शर्तों सम्बन्धी संलग्न प्रत्येक पृष्ठ पर फार्म के मालिक/साझेदार के हस्ताक्षर हैं।
2. टेण्डर शुल्क राशि रु. 100/— रसीद संख्या ....................... दिनांक ............... से जमा करवाई जा चुकी है।
3. आप द्वारा प्रकाशित निविदा के संदर्भ में मेरी/हमारी फर्म की दरें संलग्न है।
4. मेरे/हमारी द्वारा दी गई दरें 1 वर्ष तक मान्य होगी एवं यह तिथि अपने आपसी समझौते के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।
5. धरोहर राशि के लिए बैंक ड्राफ्ट सं. ........... दिनांक .................. राशि 3,000/— के नाम उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के नाम से संलग्न है।
6. विशेष विवरण।

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर

फर्म का नाम एवं पूर्ण पता :

मोबाईल नं. :

ई—मेल :

# कार्य का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं विवरण | दर (प्रतिमाह) |
|---|---|---|
| 1 | एक कम्प्यूटर मय ऑपरेटर | |

विशेष :–

01. दरों में जीएसटी सम्मिलित है अथवा नहीं, का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
02. उल्लेखित उपापन में जीएसटी दर का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।

<u>निविदा की शर्तें</u>

निविदादाता को निविदा भरते समय इन शर्तों का अध्ययन कर निर्धारित प्रपत्र में कार्य का पूर्ण विवरण देते हुए निविदा प्रस्तुत करनी होगी :–

1. दरों की यूनिट का किसी भी दशा में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए तथा दरों का इन्द्राज अंकों व शब्दों दोनों में होना चाहिए।

2. निविदादाता आदेशित कार्य को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी को न देगा ना ही उससे कार्य करवायेगा।

3. निविदादाता अपने कार्यालय पूर्ण पता जहां निरीक्षण किया जा सके और उस व्यक्ति का नाम व पता व टेलीफोन, मोबाईल नम्बर आदि जिससे उस कार्य हेतु सम्पर्क किया जाये, आवश्यक रूप से देगा।

4. **<u>निविदादाता को कम्प्यूटर आई थ्री प्रोसेसेर, मय प्रिन्टर एवं स्केनर भी उपलब्ध कराना होगा एवं टोनर रिफिल निविदा दाता द्वारा कराया जायेगी। यदि अनुमोदित कम्प्यूटर भिन्न प्रोसेसर का उपयोग किया जाता है, तो निविदा रद्द की जा सकेंगी।</u>**

5. **<u>निविदा दाता द्वारा संस्थान को उपलब्ध कराये जाने वाला कम्प्यूटर ऑपरेटर की योग्यता निम्न होनी चाहिए :–</u>**
   **01. <u>स्नातक</u>**
   **02. <u>आर.एस–सी.आई.टी प्रमाण–पत्र धारी मय टेली प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र</u>**

6. सामान को लाने–ले जाने तथा निर्धारित स्थानों पर लगाने तक सामान में टूट–फूट, चोरी, आगजनी या अन्य किसी कारण हुई हानि की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

7. निविदा अनुसार होने वाले समस्त कार्यों पर लगने वाले किसी भी प्रकार के कर/शुल्क/चार्जेज के भुगतान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

8. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा।

9. भुगतान हेतु बिल तीन प्रतियों में जीएसटी सहित प्रस्तुत करने होंगे। किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

10. धरोहर राशि उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. सफल निविदादाता/निविदादाताओं की आवंटित कार्य की 5 प्रतिशत के बराबर (अधिकतम एक लाख रु.) प्रतिभूति राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

12. कार्यादेश मिलने के उपरान्त तीन दिन में निर्धारित प्रपत्र में एवं 100/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध सम्पादित कराना होगा ।

13. निविदा में प्रस्तुत दरें 1 वर्ष तक मान्य समझी जायेंगी।

14. कार्य करने में असफल रहने अथवा समय पर पूर्ण नहीं करने की अवस्था में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार लिक्वीडेटेड डेमेज वसूल किया जायेगा व निविदादाता की रिस्क एण्ड कास्ट पर कार्य करवाया जा सकेगा।

15. अन्य शर्तें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार मान्य होंगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं या निविदा के किसी भी भाग को अस्वीकार किया जा सकता है।

16. करार पत्र प्रस्तुत न करने पर एवं धरोहर राशि जमा नहीं कराने पर अमानत राशि जब्त की जा सकेगी।

17. इस संबंध में समस्त न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।

18. विवाद की स्थिति में आयुक्त, उद्योग एवं अध्यक्ष, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

19. निविदा दाता द्वारा जो कार्मिक संस्थान को उपलब्ध कराया जायेगा उसकी समस्त जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी।

20. कार्मिक द्वारा संस्थान के सामान को नष्ट करना, चोरी करना एवं अन्य किसी प्रकार से संस्थान को हानि होती है, तो उसकी भरपाई की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी।

21. भुगतान में से टी.डी.एस की कटौती नियमानुसार की जायेगी एवं निविदा दाता को फर्म पैन कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी।

22. कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में उद्यम प्रोत्साहन संस्थान को अनुबन्ध समाप्त करने का स्वतंत्र अधिकार रहेगा।